**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 23.02.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव द्वितीय नियुक्त किया गया है।
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कल सांसद की उपस्थिति में संबंधित सचिवों और दोनों जिलों के उपायुक्तों के साथ एक बैठक का आयोजन।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग दूरदराज के क्षेत्रों में एल पी जी की आपूर्ति करने की नियमित निगरानी कर रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी सुना जा सकता है। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में मन की बात का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रधान सचिव द्वितीय नियुक्त किया गया है। श्री दास के चयन को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है। वे तमिलनाडु कैडर के उन्नीस सौ अस्सी बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। श्री दास का कार्यकाल अगले आदेश तक प्रभावी होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह के हिस्से के रूप में, विज्ञान केंद्र, ने कल एक 'बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम' का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्रों को पक्षियों को देखने के लिए चिड़ियाटापू ले जाया गया और उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पक्षियों की पहचान करना सिखाया गया। छात्रों ने दूरबीन के माध्यम से पक्षियों की

पहचान करने में गहरी रुचि दिखाई और अंडमान वुड कबूतर, द्वीप समूह के राज्य पक्षी सहित अट्ठारह पक्षियों की पहचान करने में सक्षम रहे। दौरे के पूरा होने के बाद, छात्रों ने बर्ड वॉचिंग के दौरान प्राप्त अनुभव पर एक 'फीड बैक टेस्ट' दिया। कामराज इंग्लिश मीडियम स्कूल, ब्रुक्शाबाद के आर. सोबिथ को पहला सरकारी मिडिल स्कूल कॉर्बिन–कोव की पी. वैष्णवी दूसरा और सरस्वती शिशु मंदिर की अक्षिता एस. तीसरा और इन्वेंट पब्लिक स्कूल, की अनुष्का माझी को सांत्वना पुरस्कार घोषित किया गया। विजेताओं को अट्ठाईस फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरित किए जाएँगे। कार्यक्रम में श्री विजयपुरम और इसके आसपास के विभिन्न स्कूलों के लगभग पचास छात्रों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

कार्यस्थल में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न अधिनियम दो हजार तेरह के प्रावधानों के अनुसार विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय ने एक आदेश जारी कर सभी कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने को कहा है। जिन कार्यालयों में दस से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं, वहां पर समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया है। समिति के सदस्यों का विवरण कार्य स्थल मे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन द्वारा वेव्स प्रोमो वीडियो चैलेंज, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का आयोजन किया जा रहा है। वेव्स रचनाकारों और कहानीकारों के लिए आकर्षक वीडियो तैयार करने का मंच प्रदान करता है। चैलेंज में "आओ, हमारे साथ चलो" विषय पर सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए प्रतिभागियों की आयु अट्ठारह वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। यह कार्यक्रम एक से चार मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा। प्रस्तुति जमा करने की अंतिम तिथि अट्ठाईस फरवरी है। अधिक जानकारी केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कल सांसद की उपस्थिति में संबंधित सचिवों और दोनों जिलों के उपायुक्तों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सांसद द्वारा हाल ही में उपराज्यपाल और मुख्य सचिव के समक्ष उठाए गए पंचायती राज संस्थान के मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायती राज संस्थान प्रशासन द्वारा उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों पर ध्यान न दिए जाने और तिहत्तरवें और चौहत्तरवें संविधान संशोधन के तहत

उनके प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित न करने जैसे विषयों को सचिव के समक्ष रखा। सांसद ने मुख्य सचिव को बताया कि कानूनी रूप से अधिकृत शक्तियों को वापस लिए जाने के कारण पंचायती राज संस्थाओं में रोष व्याप्त है तथा विभिन्न मुद्दों पर प्रशासन की निष्क्रियता बढ़ गई है। सांसद ने बताया कि सभी पंचायती राज संस्थाएं अपनी मांगों को लेकर अगले महीने की पांच तारीख को राज निवास के सामने मार्च पास्ट सहित एक आंदोलन और धरना शुरू करने की योजना बना रही हैं। बढ़ते हालात को देखते हुए सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपसमूह के मुख्य सचिव से शिकायतों के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने श्री विजयपुरम के पी आर आई सदस्यों के साथ बैठक करने का भी अनुरोध किया है, ताकि बातचीत को सुगम बनाया जा सके और प्रशासनिक उपायों में तेजी लाई जा सके। सांसद ने कहा कि समय पर समाधान से न केवल चल रहे विरोध का अंत होगा, बल्कि मध्योत्तर अण्डमान के लोगों के हित में स्थानीय शासन का सुचारू संचालन भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने प्रशासन से इस मामले को आवश्यक तत्परता और गंभीरता से लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग लिटिल अंडमान के एल पी जी उपभोक्ताओं के लिए और सभी दूरदराज के क्षेत्रों में एल पी जी की आपूर्ति करने की नियमित निगरानी कर रहा है। लिटिल अंडमान के एल पी जी उपभोक्ताओं के ध्यान में यह भी लाया गया है कि तेरह सौ घरेलू एल पी जी सिलेंडरों से युक्त एक ट्रांसशिपमेंट पूरे क्षेत्र में एल पी जी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के चल रहे प्रयासों के तहत लिटिल अंडमान पहुंचाया गया। दुर्भाग्य से, जहाज पर सीमित भंडारण क्षमता के कारण, लिटिल अंडमान में एल पी जी की मांग पूरी नहीं हो सकी, सी सी एस लिमिटेड ने आश्वासन दिया है कि आवश्यक घरेलू एल पी जी सिलेंडरों की पर्याप्त खेप अगले कुछ दिनों में लिटिल अंडमान भेज दी जाएगी। इंडियन ऑयल कॉपर्रेशन लिमिटेड के सहयोग से नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग इस विषय पर बारीकी से निगरानी करेगा और सुनिश्चित करेगा कि लिटिल अंडमान के निवासियों को पर्याप्त संख्या में एल पी जी सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।

<><><><><><><>

होपटाउन ग्राम पंचायत की ओर से नॉर्थ–बे तट पर कल स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों और पंचायती राज संस्थान के सदस्यों के सहयोग से क्षेत्र की सफाई की गई और कचरे के पच्चीस बैग एकत्र किए गए। इसके अलावा दुकानों में एकल इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के

उपयोग का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा, ज़िला परिषद सदस्य मरियम बीबी और ग्राम प्रधान रशीदा बीबी सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

**<><><><><><><>**